# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2014

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2014

## (ANNUAL / वार्षिक)

# HOME SCIENCE

समय: 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

SECTION-A

bsebresult.in

I. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 10 में चार विकल्पों में से केवल एक सही है। आपको उस सही विकल्प को चुनना है।

1. वृद्धि एवं विकास को प्रभावित करने वाला कारक है

(a) पोषण

(b) वातावरण

(c) अन्तःस्रावी ग्रंथियाँ

(d) इनमें से सभी

2. कौन सा रोग वायु द्वारा नहीं फैलता है ?

(a) खसरा

(b) हैजा

(c) सर्दी

(d) क्षय रोग

3. बच्चों में असमर्थता हो सकती है

(a) जन्म-पूर्व से

(b) जन्म के समय से

(c) जन्म के पश्चात से

(d) इनमें से सभी

4. कैल्सियम का सर्वोत्तम स्रोत है

(a) माँस

(b) सब्जियाँ

(c) दूध से बने पदार्थ

(d) इनमें से सभी

5. निम्न में से कौन प्राकृतिक तंतु है ?

(a) वनस्पति

(b) प्राणिज

(c) खनिज

(d) इनमें से सभी

6. आंतरिक सज्जा अभिव्यक्ति है

(a) रुचि की

(b) कौशल की

(c) धन के सदुपयोग की

(d) इनमें से सभी

bsebresult.in

7. निम्न में से कौन वानस्पतिक धब्बा नहीं है ?

(a) रसदार सब्जी

(b) कॉफी

(c) फल

(d) फूल

8. ऊर्जा प्राप्ति का मुख्य स्रोत है.

(a) प्रोटीन

(b) कार्बोहाइड्रेट

(c) खनिज लवण

(d) विटामिन

bsebresult.in

9. चेक कितने प्रकार का होता है ?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) चार

10. निम्न में से कौन-सा कार्य स्वरोजगार एवं संस्था में रोजगार दोनों क्षेत्रों में संभव है?

(a) डायटिशियन

(b) इन्टीरियर डिजाईनर

(c) ब्यूटीशियन

(d) इनमें से सभी

II. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 11 से 15 में दो कथन दिए गये हैं। दोनों कथनों को ध्यान पढ़ें तथा नीचे दिये गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) दोनों कथन सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है

(b) दोनों कथन सही हैं परंतु कथन-II, कथन-I  की सही व्याख्या नहीं है

(c) कथन-I सही है, परन्तु कथन-II असत्य है

(d) कथन-I असत्य है, परन्तु कथन-II सही है

11. कथन-I ओ. आर. एस. का प्रयोग निर्जलीकरण से बचाने के लिए किया जाता है।

कथन-II : ओ. आर. एस. घर में आसानी से बनाया जा सकता है।

bsebresult.in

12. कथन-I : जीवन बीमा से आयकर में छूट मिलती है।

कथन-II : जीवन बीमा केवल मृत्यु के बाद ही लाभकारी होता है।

13. कथन-I : किसी वस्तु का उपयोग करने वाले को उपभोक्ता कहते हैं।

कथन-II : एक ही व्यक्ति विक्रेता तथा उपभोक्ता दोनों हो सकता है।

14. कथन-I : ए. टी. एम. की सुविधा रिजर्व बैंक द्वारा दी जाती है।

कथन-II : ए. टी. एम. की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध होती है।

15. कथन-I : कार्बोहाइड्रेट ऊर्जा का एक प्रमुख स्रोत है।

कथन-II : कार्बोहाइड्रेट त्वरित ऊर्जा का स्रोत

III. प्रश्न संख्या 16 से 18 तक के प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें और यह 'सही' है या 'गलत' लिखे |

16. माता का दूध भी अपमिश्रित हो सकता है।

17. धन सबसे उत्तम मानवीय संसाधन है।

18. आकस्मिक मिलावट लापरवाही के कारण हो जाती है।

IV. प्रश्न संख्या 19 से 22 तक में दो स्तम्भ दिए गए हैं। स्तम्भ-I में चार पदों का सही मेल स्तम्भ-II के विकल्पों से करें :

| स्तम्भ-I | स्तम्भ-II |
|---|---|
| 19. प्रोटीन | (a) हड्डियों/दाँतों के लिए |
| 20. वस्त्र | (b) शरीर वृद्धि के लिए |
| 21. विटामिन डी | (c) ऊर्जा के लिए |
| 22. लौह | (d) रक्त तथा हीमोग्लोबिन विकास के लिए |

bsebresult.in

V. प्रश्न संख्या 23 से 25 तक के लिए दिए गये अवतरण को ध्यान से पढ़ें तथा नीचे दिए गये विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

अवतरण : जल संतुलित आहार का एक मुख्य घटक है। शरीर को जल की प्राप्ति भोजन एवं पेय जल से होती है। शरीर से जल का निष्कासन मूत्र, त्वचा, फेफड़ा एवं मल द्वारा होता है | व्यक्ति के जल की आवश्यकता मौसम, उम्र, आहार के प्रकार, शारीरिक बनावट एवं क्रिया के अनुसार बदलती रहती है। शरीर में जल की प्राप्ति एवं निष्कासन बराबर नहीं रहने से निर्जलीकरण की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यदि ध्यान नहीं दिया गया तो कोमा तथा मृत्यु भी हो सकता है | जल ही जीवन तभी बनेगा जब यह घुलित अशुद्धियाँ (जैसे- कैल्शियम, मैग्नीशियम के कण, शीशा के कण, नमक की अधिकता) एवं अघुलित अशुद्धियाँ (जैसे कूड़ा-करकट, मृत जानवर, मल-मूत्र, गंदा पानी) से परे होगा। जल को स्वच्छ रखना हर इंसान की जिम्मेवारी होती है।

23. शरीर से जल का व्यय किसके द्वारा नहीं होता ?

(a) श्वसन

(b) नहाना

(c) पसीना

(d) शरीर का वर्ज्य पदार्थ

24. व्यक्ति के जल की आवश्यकता निर्भर करती है

(a) क्रिया पर

(b) भोजन के प्रकार पर

(c) जलवायु पर

(d) इनमें से सभी

25. निम्न में से कौन सही नहीं है ?

(a) मल-मूत्र पानी में घुलनशील होता है

(b) जल भोजन को संतुलित करता है

(c) निर्जलीकरण घातक हो सकता है।

(d) जल की प्राप्ति भोजन से होती है

bsebresult.in

## SECTION - B

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय कोटि के हैं। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है :

निम्नलिखित को परिभाषित करें

1. प्राकृतिक प्रतिरक्षण एवं कृत्रिम प्रतिरक्षण |

2. तीक्ष्ण अतिसार एवं दीर्घकालिक अतिसार ।

3. प्रत्यक्ष आय एवं अप्रत्यक्ष आय

4. वनस्पति के धब्बे एवं प्राणिज धब्बे

5. शिशु सदन एवं चलते फिरते शिशु सदन।

6. आहार की मात्रा एवं आहार की गुणवत्ता में परिवर्तन।

7. शारीरिक अक्षमता एवं मानसिक अक्षमता से युक्त बालक

8. स्व-रोजगार एवं किसी संस्था में रोजगार।

9. जल की घरेलू उपयोगिता एवं सार्वजनिक उपयोगिता

10. घर एवं बाहर बच्चों की वैकल्पिक देखरेख ।

11. जीवाणु एवं विषाणु।

12. पूर्ण पोषक तत्त्व एवं सूक्ष्म पोषक तत्त्व

इस खण्ड के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय कोटि के हैं। सभी तीन प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न छः अंक का है।

bsebresult.in

13. बच्चों के संवेगों की विशेषताएँ क्या है ?

अथवा

आहार आयोजन के महत्व क्या हैं ?

14. बचत के महत्वों की विस्तार से चर्चा करें।

अथवा

मिलावट रोकने के उपायों की चर्चा करें।

बिहार बोर्ड से संबंधित सभी जानकारी, लेटेस्ट न्यूज़, प्रश्न पत्र, मॉडल पेपर, एडमिट कार्ड, रजिस्ट्रेशन कार्ड, परीक्षा तिथियां, आधिकारिक डायरेक्ट लिंक इत्यादि सबसे पहले पाने के लिए...
BSEBResult.In
विजिट करें।

15. वृद्धों के लिये आहार आयोजन करते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिये ?

अथवा

बच्चे के शारीरिक विकास को प्रभावित करने वाले तत्त्व क्या हैं ?